## समाज : हंसा पारेख लाइब्रेरियन पुरस्कार मिला

# शिक्षक जयशेखर सम्मानित

■ **मुंबई, (सं.)** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षक जयशेखर को एचटी पारेख फाउंडेशन की तरफ से स्थापित 'हंसा पारेख लाइब्रेरियन पुरस्कार' के प्राप्तकर्ताओं में चुना गया. 50,000 रुपए की राशि वाला यह पुरस्कार मुंबई स्थित नेहरू सेंटर में प्रदान किया गया. जयशेखर, पराग द्वारा संचालित लाइब्रेरी एजुकेटर कोर्स के पूर्व छात्र हैं. पराग, बच्चों के लिए साहित्य और पुस्तकालय की पहल है, जिसे टाटा ट्रस्ट्स का समर्थन प्राप्त है. इसके कई



विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आते हैं, जहां वे पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं. उनके लिए यह लाइब्रेरी पाठ्य पुस्तकों से परे किताबों और कहानियों से निरंतर जुड़ाव का पहला माध्यम बनी है.